नागरिकों ने इन्दौर पुलिस के इस सार्थक प्रयास की जमकर करी सराहना

इन्दौर पुलिस के ''साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा'' अभियान को मिल रहा है, जनता का अच्छा प्रतिसाद

आज़ाद नायक

इंदौर। बुधवार को इन्दौर पुलिस द्वारा आम जनता के लिए वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड एवं अपराधों से सुरक्षा एवं इनसे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूकता लाने हेतु क्विक हील फ़ाउंडेशन, पुणे के संयुक्त तत्वाधान में ''साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत इन्दौर पुलिस द्वारा क्विक हील फ़ाउंडेशन की ओर से मुंबई से आई ड्रामा टीम के साथ मिलकर शहर के प्रमुख चौराहा, बाजार, मेले, गार्डन, स्कूल/कॉलेजो आदि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों मे पहुचकर नुक्कड नाटक के आदि के माध्यम से जनता को साइबर अपराधों से बचने के तरीको समझातें हुए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इन्दौर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को आम जनता का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिसमे वह भी पुलिस के इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर, इसमें रुचि लेकर स्वयं तो जागरूक हो ही रहे हैं, साथ ही अन्य नागरिकों को भी साइबर अपराधों से बचने के लिए प्रेरित कर रहे है। आम नागरिकों द्वारा इन्दौर पुलिस एवं क्विक हील फ़ाउंडेशन द्वारा साइबर सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे इस अभियान की सराहना करते हुए प्रशंसा की जा रही हैं कि इंदौर पुलिस यह बहुत अच्छा काम कर रही है इसके माध्यम से निश्चय ही लोगों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता आएगी। साथ ही नागरिकों ने इतने महत्वपूर्ण विषय पर इतने सरल तरीके से जानकारी प्रदान करने के लिए इंदौर पुलिस एवं क्विक हील की टीम को धन्यवाद दिया गया।

इस आभियान के दौरान इंदौर पुलिस की निरीक्षक राधा जामोद, उप निरीक्षक शिवम ठक्कर, सउनि गयेंद्र यादव तथा क्विक हील फ़ाउंडेशन, की ओर से मुंबई से आई ड्रामा टीम, एसपीसी कैडेट्स तथा संबंधित थाना क्षेत्रों की टीमों द्वारा भी लोगों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु किन बातों का ध्यान रखना है और क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए, यह जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा हैं।